BK BIRLA CENTRE FOR EDUCATION

SARALA BIRLA GROUP OF SCHOOLS
SENIOR SECONDARY| CO-ED DAY CUM BOYS' RESIDENTIAL SCHOOL

POST MID TERM- (2024-25)

HINDI

Class: IV
Date : 04.01.2025
Admission No.:

Duration : **1.00 Hrs**
Max. Marks: **25**
Roll No.:

नोट :

- प्रश्न -पत्र चार खंडों में विभाजित है |
- कृपया उसके अनुसार प्रश्न -पत्र हल करें |
- सभी प्रश्न अनिवार्य हैं |
- प्रश्न संख्या लिखकर उत्तर दीजिए |

प्रश्न.1 निम्नलिखित गद्यांश को पढ़कर पूछे गए प्रश्नो के उत्तर दीजिए :- ` **[5]**

पोंगल तमिलनाडु राज्य का फसल का त्यौहार है, जो 13 जनवरी को हर वर्ष मनाया जाता है। हालाँकि मूल त्यौहार 14 जनवरी से ही शुरू होता है, जिसे पेरम पोंगल कहा जाता है। यह चार दिन तक चलता है। पोंगल के शुरू होने के पहले 'कोलम' बनाए जाते हैं- 'कोलम' चावल के आटे से बनी साज-सज्जा होती है जो तमिल परिवारों के दरवाजे के बाहर फर्श पर बनाई जाती है। 'कोलम' के बीच में गोबर का ढेर होता है, जिसमें लौकी की पाँच पंखुड़ियाँ लगाई जाती हैं। इसे सृजन का प्रतीक माना जाता है। इसे सूर्य देवता को प्यार के रूप में अर्पित किया जाता है। लोग अच्छी फसल के लिए ईश्वर, पृथ्वी और अपने पशुओं को धन्यवाद देते हैं तथा अगले साल की अच्छी फसल के लिए प्रार्थना करते हैं। पोंगल त्यौहार का नाम वास्तव में एक मिठाई पर पड़ा है। इसे पोंगल उत्सव के दूसरे दिन बनाया जाता है। पोंगल उत्सव में गीत विशेष महत्व रखते हैं। लोग इकट्ठा होकर गीत गाते हैं।

(i) पोंगल किस राज्य का त्यौहार है ?

(a) कर्नाटक **(b)** केरल **(c)** तमिलनाडु **(d)**गुजरात

(ii) पोंगल त्यौहार कितने दिन तक चलता है?

(a) एक **(b)** चार **(c)** पाँच **(d)** सात

(iii) पोंगल त्यौहार का नाम किसके नाम पर रखा गया है

(a) सूर्य **(b)** मिठाई **(c)** रंगोली **(d)** देवी

(iv) कोलम किस वस्तु से बनाई जाती है

(a) चावल के आटे से **(b)** रंगीन कागज़ से **(c)** फूलों से **(d)** धागे से

(v) पोंगल त्यौहार में कोलम किस देवता को समर्पित करते है?

(a) विष्णु देव **(b)** चंद्र देव **(c)** सूर्य देव **(d)** लक्ष्मी

प्रश्न.2 रेखांकित शब्दों के लिंग बदलकर लिखिए **:-** **[2]**

बेटा - -----------------

शेर - -----------------

सेठ - -----------------

माता - -----------------

प्रश्न.3. अनेक शब्दों के लिए एक शब्द लिखिए **:-** **[3]**

(i) जो बहुत मेहनत करे -

(ii) जिसमें बहुत बल हो -

(iii) जो गाना गाता हो -

प्रश्न.4 दिए गए वाक्यों वाक्यों में सही विराम- चिह्न लगाइए| **[2]**

(i) हम कर्नाटक घूमने गए थे

(ii) तुम लोग छुट्टियों में कहाँ गए थे

प्रश्न.5 दिए गए वाक्यों में सर्वनाम शब्द पहचानकर लिखिए: **[2]**

(i) तुम समझदार हो|

(ii) वह चला गया|

प्रश्न 6 नीचे दिए गए दीर्घउत्तरीय प्रश्नों के उत्तर दीजिए – **[6]**

(i) अमीर आदमी के बेटे ने पाँच रूपए कुएँ में क्यों नहीं फेंके ?

(ii) पिता ने अपने बेटे को क्या सौप दिया ?

(iii) शिवानी अपने मम्मी -पापा के साथ कहाँ गई थी और क्यों ?

प्रश्न.7 दौड़ में प्रथम आने पर अपनी बहन को बधाई देते हुए पत्र लिखिए| **[5]**

अथवा

निम्नलिखित में किसी एक विषय पर अनुच्छेद लिखिए :-

(i) मेरा घर

(ii) मेरा प्रिय पक्षी

--- समाप्त **---**